

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

काव्य क्लासेज
कर्मण्येव जयते

पुलिस
PATWAR
HIGH COURT
रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF
BANK
SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक
Ist ग्रेड
REET
I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 18 December 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 18 दिसंबर का इतिहास

- **1398 :** तैमूर ने सुल्तान नुसरत शाह को हराकर दिल्ली पर कब्जा किया।
- **1960 :** राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय संग्रहालय का उद्घाटन हुआ।
- **2005 :** कनाडा में गृह युद्ध की शुरूआत हुई।
- **1997 :** भारत और अमेरिका के बीच अंतरिक्ष अनुसंधान में सहयोग के लिए वाशिंगटन संधि सपन्न हुई।
- **2008 :** ब्रह्मोस सुरपसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण हुआ।

## 18 दिसंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- 15 से 28 दिसंबर 2022 तक संयुक्त सैन्य अभ्यास काजिंद-22 का आयोजन किया जा रहा है। यह अभ्यास उमरोई में किया जा रहा है। काजिंद भारत-कजाखिस्तान के मध्य होने वाला संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास है। काजिंद कजाखितस्तान के KAZ और भारत के IND का संयुक्त संक्षिप्त नाम है। इसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र शांति प्रवर्तन शासनादेश के तहत सकारात्मक सैन्य संबंध आगे बढ़ाना, एक-दूसरे की सर्वोतम कार्य प्रणालियों को साझा करना और एक साथ सैन्य गतिविधियों को आयोजित करने की क्षमता को बढ़ावा देना है।
- कोझिकोड के जिला पर्यटन संवर्धन परिषद द्वारा प्रसिद्ध बेपोर उरू के लिए भौगोलिक संकेतक टैग के लिए आवेदन किया गया है। परिषद के मुताबिक बेपोर उरू खाड़ी देशों के साथ केरल के व्यापारिक संबंधों ओर दोस्ती का प्रतीक है। बेपोर उरू, लकड़ी का एक प्रकार का जहाज/नौकायन नाव/नौकायन पोत है। इसे बेपोर में कुशल कारीगरों और बढ़ई द्वारा दस्तकारी करके निर्मित किया जाता है।
- अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि मंत्रालय शहरी वक्फ संपति विकास योजना को लागू करता है। इस योजना को मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय वक्फ परिषद के माध्यम से लागू किया जाता है। योजना के तहत जारी वार्षिक सहायता अनुदान 2021-22 में 100 लाख है। यह योजना केंद्रीय वक्फ परिषद का एक प्रारंभिक कार्यक्रम है।
- उत्तराखंड सरकार बद्री गाय के आनुवंशिक संवर्धन की योजना बना रही है। राज्य के पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने चिंतन शिविर के दौरान देशी बद्री गाय की उत्पादकता बढ़ाने के लिए सेक्स-सॉर्टेड सीमन तकनीक अपनाने का प्रस्ताव दिया। राज्य अगले 10 वर्षो में अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगा। इस उद्देश्य के लिए राज्य ने चंपावत जिले के नरियाल गांव में बद्री मवेशियों के एक नाभिक प्रजनन बैल मदर फार्म की स्थापना की थी।
- ILO की 17वीं एशिया और प्रशांत क्षेत्रीय बैठक में सिंगापुर घोषणा को अपनाया गया।
- पीएम मोदी ने अहमदाबाद गुजरात में प्रमुख स्वामी महाराज शताब्दी महोत्सव के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। वर्ष भर चलने वाले जन्म शताब्दी वर्ष का समापन प्रमुख स्वामी महाराज शताब्दी महोत्सव के रूप में होगा। इसकी मेजबानी अहमदाबाद में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर, शाहीबाग द्वारा की गई। यह 15 दिसंबर से 15 जनवरी 2023 तक एक महीने तक चलने वाला उत्सव होगा। बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम संस्था ने प्रमुख स्वामी महाराज के शताब्दी वर्ष मनाने के लिए 600 एकड़ के विशाल उत्सव स्थल प्रमुख स्वामी नगर की स्थापना की है। महीने भर चलने वाले उत्सव में दुनिया भर और भारत के लाखों श्रद्धालु भाग लेंगे।
- तमिलनाडु को जलवायु स्मार्ट राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने तमिलनाडु जलवायु परिवर्तन मिशन का शुभारंभ किया। तमिलनाडु सरकार ने राज्य में प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए इस मिशन की शुरूआत की है। राज्य ने केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित 2070 के लक्ष्य से बहुत पहले कार्बन तटस्थता हासिल करने का लक्ष्य रखा है। तमिलनाडु सरकार ने जलवायु परिवर्तन प्रबंधन और शमन गतिविधियों को शुरू करने के लिए बजट में 500 करोड़ रूपये के परिव्यय के साथ तमिलनाडु जलवायु परिवर्तन मिशन शुरू करने की घोषणा की थी।
- डब्ल्यूएचओ ने जेरेमी फर्रार को मुख्य वैज्ञानिक नियुक्त किया है। वह 2023 की दूसरी तिमाही में डब्ल्यूएचओ में शामिल होंगे। वह सौम्या स्वामीनाथन की जगह लेंगे। मुख्य वैज्ञानिक के रूप में डॉ. फर्रार विज्ञान प्रभाग की देखरेख करेंगे। उन्होनें वियतनाम में ट्रॉपिकल डिजीज के अस्पताल में क्लीनिकल रिसर्च यूनिट के निदेशक के रूप में 17 वर्षो तक काम किया।
- राज्यसभा सांसद ने राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति पर चिंता जताई क्योंकि इसकी शुरूआत के कई महीनों बाद भी दुर्लभ रोगों वाले किसी भी रोगी को इस नीति से संबद्ध सुविधा का लाभ नहीं मिला। इसका लक्ष्य दवाओं के स्वदेशी अनुसंधान और स्थानीय उत्पादन पर ध्यान बढ़ाना, दुर्लभ रोगों के उपचार की लागत को कम करना और शुरूआती चरणों में दुलर्भ रोगों की स्क्रीनिंग और पता लगाना।
- भूपेंद्र पटेल दूसरी बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. भारत में अल्पसंख्यकों का अधिकार दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 18 दिसंबर (B) 19 दिसंबर
(C) 20 दिसंबर (D) 21 दिसंबर

**(A)** संयुक्त राष्ट्र द्वारा शुरू किया गया अल्पसंख्यकों का अधिकार दिवस हर साल भारत में 18 दिसंबर को मनाया जाता है। अल्पसंख्यक समुदायों के वास्तविक और कानूनी अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए यह दिन मनाया जाता है। यह जाति, रंग, भाषाई, जातीयता और धर्म को नजरंदाज कर सभी अल्पसंख्यक समुदायों के बीच धार्मिक सद्भाव, सम्मान और बेहतर समझ का समर्थन करती हैं।




**2. अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 15 दिसंबर (B) 17 दिसंबर
(C) 18 दिसंबर (D) 21 दिसंबर

**(C)** 18 दिसंबर 2020 को संपूर्ण विश्व मे अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी दिवस मनाया गया। उल्लेखनीय है कि 4 दिसंबर 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विश्व में प्रवासियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष 18 दिसंबर को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सभी प्रवासी कामगारों के अधिकारों और उनके परिवारों के सदस्यों के संरक्षण पर अंतर्राष्ट्रीय अभिसमय को 18 दिसंबर 1990 को अपनाया गया था, इसलिए इसी दिन को अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है।




**3. भारतीय नौसेना और इंडोनेशियाई नौसेना के बीच संचालित होने वाले इंडिया-इंडोनेशिया कोऑर्डिनेटेड पेट्रोल का 39वां संस्करण कब तक आयोजित किया जा रहा है ?**

(A) 2 से 15 दिसंबर 2022 (B) 8 से 19 दिसंबर 2022
(C) 10 से 20 दिसंबर 2022 (D) 11 से 21 दिसंबर 2022

**(B)** इंडिया-इंडोनेशिया कोऑर्डिनेटेड पेट्रोल भारतीय नौसेना और इंडोनेशियाई नौसेना के बीच एक अभ्यास है। भारतीय नौसेना के युद्धपोत करमुक ने इंडोनेशिया के बेलावन में तैनाती से पूर्व ब्रीफिंग में भाग लिया। एल-58 और डोर्नियर मैरीटाइम पेट्रोल एयरक्राफ्ट भी कार्पेट में हिस्सा लेंगे। एल-58 एक स्वदेश निर्मित लैंडिंग क्राफ्ट यूटिलिटी जहाज है।




**4. न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम को किस अवधि में लागू किया जाएगा ?**

(A) 2022-23 से 2026-27 (B) 2022-23 से 2031-32
(C) 2022-23 से 2036-37 (D) 2022-23 से 2041-42

**(A)** हाल ही में भारत सरकार ने न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम नाम से एक केंद्र प्रायोजित योजना की घोषणा की है। न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम एक 5 वर्षीय योजना है, जो 2022-23 से 2026-27 तक कार्यान्वित की जाएगी। इस कार्यक्रम का लक्ष्य मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता घटके के तहत 5 करोड़ छात्रों को कवर करना है।



**5. अरबी भाषा दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 10 दिसंबर (B) 12 दिसंबर
(C) 15 दिसंबर (D) 18 दिसंबर

**(D)** हर साल 18 दिसंबर को संयुक्त राष्ट्र अरबी भाष दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन की शुरूआत संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन द्वारा 2010 में बहुभाषावाद और सांस्कृतिक विविधता के साथ-साथ पूरे संगठन में अपनी छह आधिकारिक भाषाओं के समान उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए की गई थी।



**6. आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड किसे मिला है ?**

(A) जोस बटलर (B) सिदरा अमीन
(C) आदिल राशिद (D) A व B दोनों

**(D)** आईसीसी ने प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीतने वाले खिलाड़ियों के नाम की घोषणा कर दी है। पुरूषों में इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने यह अवार्ड अपने नाम किया है। वहीं महिलाओं में पाकिस्तान की सिदरा अमीन प्लेयर ऑफ द मंथ बनी हैं। सिदरा अमीन ने पहली बार यह पुरस्कार अपने नाम किया है। बटलर ने अपने साथी खिलाड़ी आदिल राशिद और पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी को पीछे छोड़ते हुए यह पुरस्कार अपने नाम किया।




**7. हाल ही में किस राज्य ने अपनी स्वदेशी बद्री गाय के आनुवंशिक विकास की योजना बनाई ?**

(A) बिहार (B) ओडिशा
(C) उत्तराखंड (D) पश्चिम बंगाल

**(C)** बद्री देसी गाय उत्तराखंड की एक देशी गाय की प्रजाति है। यह गाय हिमालच में देशी जड़ी बूटियों और झाड़ियों पर चरती है और इसलिए इसके दूध का उच्च औषधीय महत्व है। यह मजबूत रोग प्रतिरोधी नस्ल उत्तराखंड के अल्मोड़ा और पौड़ी गढ़वाल जिलों के पहाड़ी क्षेत्रों में पाई जाती है। रोग प्रतिरोधी क्षमता इस नस्ल की एक बहुत ही महत्वपूर्ण विशेषज्ञ है क्योंकि इसे शायद ही कभी कोई बीमारी होती है।



**8. GHAR पोर्टल किसने विकसित और लॉन्च किया है ?**

(A) आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय
(B) राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग
(C) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
(D) राष्ट्रीय महिला आयोग

**(B)** हाल ही में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने लोकसभा में GHAR पोर्टल के बारे में जानकारी साझा की। GHAR पोर्टल को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने विकसित और लॉन्च किया है। GHAR का पूरा नाम गो होम एंड री-यूनाइट है। इसे बच्चों की बहाली और प्रत्यावर्तन को डिजिटल रूप से मॉनिटर और ट्रैक करने के लिए विकसित किया गया है।




**9. एकात्म योग की अवधारणा किसने दी ?**

(A) महात्मा गांधी (B) जवाहर लाल नेहरू
(C) श्री अरविंदों (D) बीआर अंबेडकर

**(C)** एकात्म योग की अवधारणा श्री अरविंदों ने दी। श्री अरबिंदो का जन्म 15 अगस्त 1872 को कोलकता में हुआ था। वह भारत के पहले राजनीतिक नेता थे, जिन्होंने अपने अखबार वंदे मातरम में खुले तौर पर देश के लिए पूर्ण स्वतंत्रता के विचार को सामने रखा है। उन्होंने आध्यात्मिक अभ्यास की एक नई पद्धति विकसित की, जिसे उन्होंने एकात्म योग या इंटीग्रल योग कहा।



**10. माइक्रोसेफली स्थिति निम्नलिखित में से किस बीमारी से जुड़ी है ?**

(A) जीका वायरस (B) निपाह वायरस
(C) तपेदिक (D) रेबीज

**(A)** हाल ही में कर्नाटक राज्य में एक 5 वर्षीय बच्चे में जीका वायरस की पुष्टि हुई है। जीका वायरस फ्लेविविरिडे परिवार से संबंधित है। इस वायरस को पहली बार 1947 में युगांडा के जीका वन में रीसस बंदर में पहचाना गया। जबकि मनुष्यों में इसकी पुष्टि 1952 में हुई थी। यह मुख्य रूप से एडीज मच्छरों द्वारा फैलता है, जो ज्यादातर दिन में काटते है।




डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज